संयुक्त राष्ट्र की विशिष एजेंसियाँ- (भाग III - ILO, WHO and ITU)

संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसियाँ- UNSAs

भाग III
ILO, WHO and ITU

UNSAs संयुक्त राष्ट्र के साथ कार्य करने वाले 15 स्वायत्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन हैं

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)

एकमात्र त्रिपक्षीय संगठन (सरकार, ट्रेड यूनियन, नियोक्ता) तथा पहला संबद्ध UNSA

- स्थापना- वर्ष 1919 (वर्साय की संधि)
- मुख्यालय- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- कार्य-
  - श्रम मानकों का निर्धारण
  - सभी के लिये गरिमापूर्ण कार्य को बढ़ावा देने हेतु नीतियों एवं कार्यक्रमों का विकास
- सदस्य राष्ट्र- 187 (भारत एक संस्थापक सदस्य + ILO के शासी निकाय का स्थायी सदस्य)
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन-
  - यह प्रतिवर्ष जेनेवा में आयोजित किया जाता है।
  - इसे प्रायः अंतर्राष्ट्रीय श्रम संसद के रूप में संदर्भित किया जाता है।
- कार्यस्थल पर मूलभूत सिद्धांतों और अधिकारों पर ILO का घोषणापत्र 1998
- (सिद्धांत) -
  - संघ की स्वतंत्रता एवं सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार
  - बलात् श्रम या अनिवार्य श्रम का उन्मूलन
  - बाल श्रम का उन्मूलन
  - रोज़गार एवं व्यवसाय संबंधी भेदभाव का उन्मूलन

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

WHO 7 अप्रैल, 1948 को कार्यात्मक हुआ (जिसे विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है)

- स्थापना- वर्ष 1948
- मुख्यालय- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- कार्य-
  - वैश्विक स्वास्थ्य मामलों पर मार्गदर्शन प्रदान करना
  - स्वास्थ्य अनुसंधान संबंधी कार्यसूची को आकार देना
  - स्वास्थ्य प्रवृत्तियों की निगरानी एवं आकलन
- सदस्य राष्ट्र- 194 भारत सहित)

दक्षिण पूर्व एशिया के लिये WHO का क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है

- विश्व स्वास्थ्य सभा- WHO का निर्णयन निकाय, सभा का वार्षिक आयोजन जिनेवा में
- प्रमुख पहलें -
  - संयुक्त राष्ट्र स्वस्थ वृद्धावस्था दशक (2021-2030)
  - पोषण पर कार्रवाई का संयुक्त राष्ट्र दशक (2016-2025)
  - वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली (GLASS)- AMR
  - डब्ल्यूएचओ 1+1 पहल (2019) (टीबी)

अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)

- स्थापना- वर्ष 1865
- मुख्यालय- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- कार्य-
  - संचार नेटवर्क में अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को सुगम बनाना
  - वैश्विक रेडियो स्पेक्ट्रम और उपग्रह कक्षाओं का आवंटन
- सदस्य राष्ट्र- 193 (भारत वर्ष 1952 से एक नियमित सदस्य)
- महत्त्वपूर्ण प्रकाशन-
  - ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स (GCI)

Drishti IAS

और पढ़ें...

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/specialized-agencies-of-the-united-nations-part-iii-ilo,-who-and-itu